Title: Need to introduce air service on Delhi- Kota-Mumbai and Delhi-Kota- Indore route.

श्री रामनारायण मीणा (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, कोटा (राजस्थान) में एरोड्रम का नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा उपयोग में लिए जाने के लिए अभी तक कार्य योजना तैयार नहीं की गई है। मुम्बई से दिल्ली वाया कोटा तथा इन्दौर से दिल्ली वाया कोटा हवाई सेवा प्रारम्भ की जाने पर व्यावसायियों, आम नागरिकों, उद्योगपतियों, पर्यटकों को लाभ मिल सकेगा तथा साथ ही राजस्थान में सम्मिलित की गई देशी रियायतों में सर्वाधिक पुरानी बून्दी रियासत के मुख्यालय बून्दी सहित पूरे हाड़ौतीसंभाग के विभिन्न पर्यटन स्थलों सूर्य मंदिर, झालावाड़, केलवाड़ा की गुफाएं, सूर्यछतरी बून्दी, रानी जी की बावड़ी सहित बून्दी में स्थित विभिन्न कुण्डों बावड़ियों, चित्रशाला, शिकार बुर्ज, पुराने गढ पैलेस, किलों, बाणगंगा, हिन्डोली तालाब, गांधी सागर बांध, आर.ए.पी.पी. रामगढ़ (बून्दी) एवं सवाई माधोपुर वन्य जीव अभ्यारण आदि के अवलोकनार्थ पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो सकेगी। कोटा एयरपोर्ट पर हवाई सेवा के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अतः अनुरोध है कि जनहित में दिल्ली-कोटा-मुम्बई तथा दिल्ली-कोटा-इन्दौर के मध्य हवाई सेवा चालू की जाए।